Government of India

Media Scanning & Verification Cell

Media alert from the Media Scanning & Verification Cell, IDSP-NCDC.

Alert ID	Publication Date	Reporting Date	Place Name	News Source/Publication Language
7661	16.08.2023	18.08.2023	Sirmaur Himachal Pradesh	www.amarujala.com/Hindi https://www.amarujala.com/himachal-pradesh/sirmour/dengu-increasing-in-sirmaur-district-patients-admitting-in-nahan-hospital-nahan-news-c-177-1-ssml1027-6159-2023-08-16
Title:	**Dengue and scrub typhus cases increasing in Sirmaur district, Himachal Pradesh**			
Action By CSU, IDSP –NCDC	Information communicated to DSU – Sirmaur, SSU- Himachal Pradesh			

मेडिकल कॉलेज नाहन में डेंगू और स्क्रब टायफस के मामले बढ़ रहे हैं। इन दोनों रोगों से ग्रसित दो से तीन मरीज रोजाना अस्पताल में उपचार के लिए दाखिल किए जा रहे हैं। मेडिसिन और बाल ओपीडी में रोजाना 15 से 20 मरीज दोनों बीमारियों के उपचार के लिए पहुंच रहे हैं।

बुधवार को मेडिकल कॉलेज की मेडिसिन और बाल ओपीडी 20 के करीब मरीज उपचार के लिए पहुंचे। इनमें से रेपिड टेस्ट में तीन लोग पॉजिटिव पाए गए। इन्हें उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल किया गया है। वहीं स्क्रब टायफस के भी दो मरीज अस्पताल में उपचार के लिए दाखिल किए गए हैं।

अस्पताल प्रबंधन के अनुसार बीते एक सप्ताह में डेंगू के 20 और स्क्रब टायफस के 15 के करीब मरीज अस्पताल में दाखिल किए गए हैं। इसके अलावा डेंगू के 100 और 105 के करीब स्क्रब टायफस संभावित मरीजों के स्वास्थ्य की जांचकर उन्हें दवाइयों के साथ-साथ उचित परामर्श भी दिया गया।

विशेषज्ञ चिकित्सकों के अनुसार स्क्रब टायफस एक जीवाणु जनित संक्रमण है। संक्रमित मरीज की प्लेटलेट्स कम होने लगती है। रोगी को सांस की परेशानी, पीलिया, उल्टी, जी मिचलाना, जोड़ों में दर्द और तेज बुखार आता है। शरीर पर काले चकत्ते और फफोले भी पड़ जाते हैं। स्क्रब टायफस मुख्य रूप से पिस्सू काटने के कारण होने वाली बीमारी है।

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!

Disclaimer:- This is a media alert subject to verification.

Integrated Disease Surveillance Programme (IDSP), National Centre for Disease Control,
Ministry Of Health & Family Welfare, Government of India
22-Sham Nath Marg, Delhi – 110 054

For more information please contact: Media Scanning & Verification Cell: - Phone (011)23946029
Email: - idsp-msc@nic.in, idsp-npo@nic.in

Join us on twitter https://twitter.com/IDSP_MSVC

मेडिकल कॉलेज के वरिष्ठ चिकित्सा अधीक्षक डॉ. नवीन गुप्ता ने बताया कि अस्पताल में रोजाना दो से तीन मरीज स्क्रब यायफस और डेंगू के दाखिल किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि सप्ताह भर में डेंगू के 20 और टायफस के 15 मरीजों का अस्पताल में उपचार किया गया है।

उन्होंने कहा कि डेंगू से निपटने के लिए लोगों को उपचार के साथ-साथ जागरूक किया जा रहा है। वहीं नगर परिषद से भी शहर में फागिंग और गड्ढे भरने की अपील की गई है। उन्होंने कहा कि स्क्रब टायफस को लेकर खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में लोग सफाई का विशेष ध्यान रखें।

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!

Disclaimer:- This is a media alert subject to verification.

Integrated Disease Surveillance Programme (IDSP), National Centre for Disease Control,
Ministry Of Health & Family Welfare, Government of India
22-Sham Nath Marg, Delhi – 110 054
For more information please contact: Media Scanning & Verification Cell: - Phone (011)23946029
Email: - idsp-msc@nic.in, idsp-npo@nic.in
Join us on twitter https://twitter.com/IDSP_MSVC